## खबर संक्षेप

### अनुराग का भारतीय सेना अग्निवीर में चयन से क्षेत्र में हर्ष का माहौल



शहडोल। भारतीय सेना में चयन होना किसी भी युवा के लिए किसी सपने से कम नहीं होता। साथ ही परिवार के लोग भी खुद को गौरवान्वित महसूस करते हैं। हाल ही में भारतीय सेना अग्निवीर की मेरिट सूची जारी की गयी है। जिसमें जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत बरकछ निवासी अनुराग गुप्ता पिता रघुवंश प्रसाद गुप्ता उम्र 19 वर्ष का नाम भी शामिल है। अनुराग का कहना है कि वह लगातार 03 वर्षों से कड़ी मेहनत कर रहे थे जिससे उन्हें आखिरकार सफलता प्राप्त हुई। उनका कहना है कि कड़ी मेहनत से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। अनुराग पंडित रामकिशोर शुक्ल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय ब्यौहारी के बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र हैं। जिन्होंने महाविद्यालय की ओर से विश्वविद्यालय स्तर पर खेल की विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अनुराग की इस सफलता पर उन्हें निकट संबंधियों एवं ग्रामीण जन ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### जिला चिकित्सालय में उपयोग किया जा रहा है इलेक्ट्रिक शव वाहन

शहडोल। जिला चिकित्सालय शहडोल में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. केदार सिंह द्वारा इलेक्ट्रिक शव वाहन उपलब्ध कराया गया है। इस वाहन का उपयोग शव को पोस्टमार्टम रूम तक ले जाने के लिए किया जाता है। जिला चिकित्सालय शहडोल में कार्यरत आउटसोर्स वाहन चालक आशीष साहू की प्रातः 09 बजे से शाम 06 बजे तक डियूटी लगाई गई है।

### अब पानी की किल्लत होगी दूर

शहडोल। भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए नगर पालिका परिषद शहडोल ने शहरवासियों को सुचारु पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए एक बेहतरीन पहल की है। नागरिकों को पेयजल के लिए परेशान न होना पड़े, इसके लिए पालिका द्वारा विशेष पेयजल कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। इन कंट्रोल रूम के जरिए पाइपलाइन लीकेज, हैंडपंपों की मरम्मत और जरूरत पडने पर पानी के टैंकरों के परिवहन जैसी समस्याओं का ऑन-स्पॉट और त्वरित निराकरण किया जाएगा।

जनता की सुविधा के लिए शहर में दो प्रमुख स्थानों पर यह व्यवस्था शुरू की गई है, जिला कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूमः यहां की कमान आनंद शुक्ला को सौंपी गई है, जिनसे नागरिक सीधे मोबाइल नंबर 8085762622 पर संपर्क कर सकते हैं। नगर पालिका सभागार कंट्रोल रूम केंद्र की जिम्मेदारी रामप्रकाश प्रजापति संभाल रहे हैं, जिनका मोबाइल नंबर 9754146627 है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा जितेंद्र भंडारी ने सजग नागरिकों से अपील की है कि वे पानी की बर्बादी रोकें और पेयजल से जुड़ी किसी भी समस्या या शिकायत की सूचना तुरंत इन प्रभारियों को दें, ताकि टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत पहुंचा सके।

### बेकाबू कार ने 9 वर्षीय मासूम को रौंदा, मौत से पसरा मातम!



शहडोल। जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भमरहा में तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक बार फिर एक हंसते-खेलते परिवार का चिराग बुझा दिया। कैथा चौराहा स्थित महेंद्र सिंह की किराना दुकान में बैठे उनके 9 वर्षीय मासूम पुत्र दीपक सिंह को एक अनियंत्रित और बेकाबू कार ने अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण और भयावह थी कि कार सीधे सडक किनारे बनी दुकान को तोड़ती हुई भीतर जा घुसी, जिससे दुकान में अकेला बैठा बालक गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया। परिजनों द्वारा तत्काल उसे चिकित्सालय ले जाया गया, जहां नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने रीवा के लिए प्रेषित (रेफर) कर दिया, परंतु विधि का विधान इतना क्रूर था कि रास्ते में ही इस मासूम ने दम तोड़ दिया।

**दो दिन के भीतर दूसरी खूनी वारदात** :क्षेत्र में यह कोई पहली घटना नहीं है। रविवार को भी ब्यौहारी में ही गैस सिलेंडरों से लदे एक भारी वाहन (ट्रक) ने एक अन्य मासूम को बेरहमी से कुचल दिया था। लगातार दो दिनों के भीतर दो अबोध बच्चों की सडक़ पर असमय मौतों से पूरे क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी आक्रोश और घोर दहशत का माहौल है।

## शहडोल जिला पंचायत में जादूगरी

# बड़े-बड़े साहबों पर भारी पड़े अकेले उपयंत्री

### नोटिस की फाइल बनी इच्छाधारी, साहबों ने खोला था संगीन आरोपों पिटारा

शहडोल।

कहते हैं सरकारी तंत्र में साहब का आदेश पत्थर की लकीर होता है, लेकिन जनपद पंचायत जयसिंहनगर के उपयंत्री रईसुद्दीन खान के मामले में जिला पंचायत ने एक नया व्याकरण लिख दिया है। यहां की व्यवस्था को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि नियम-कायदे सिर्फ छोटे कर्मचारियों को डराने के लिए हैं, जबकि रसूखदार और ऊंची राजनीतिक-प्रशासनिक पकड़ रखने वाले महाप्रभुओं के आगे जिला पंचायत के बड़े से बड़े हाकिम भी बेअसर साबित हो जाते हैं। बीते दिनों जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जैसे शीर्ष कर्णधारों के संज्ञान में इस पूरे सिंडिकेट का कच्चा-चि_ा सप्रमाण लाया गया था, लेकिन साहबों की इस मामले पर छाई असीम खामोशी बयां कर रही है कि अकेले उपयंत्री का रसूख पूरे जिला पंचायत मुख्यालय के तंत्र पर भारी पड़ रहा है।




### कारण बताओ सूचना पत्र बना मनोरंजन का साधन

जुलाई 2025 में जब जिला पंचायत कार्यालय की ओर से कारण बताओ सूचना पत्र जारी हुआ था, तो ऐसा लगा था कि अब भ्रष्टाचार और फर्जी पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने वाले सिंडिकेट का अंत तय है। नोटिस में बड़े ही आक्रामक लहजे में वित्तीय अनियमितता, मस्टर रोल शून्य करने, और प्रधानमंत्री आवास व कपिलधारा कूप जैसी कल्याणकारी योजनाओं में बंटाधार करने के गंभीर आरोप मढ़े गए थे। उस शासकीय पत्र की भाषा इतनी सख्त थी कि मानो 22 जुलाई 2025 को ही आरोपी के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक या कानूनी कार्रवाई का वज्रपात हो जाएगा, लेकिन सालभर बीतने को है और कार्रवाई का वह वज्रपात शायद रास्ते में ही कहीं मैनेज होकर ठंडी हवा के झोंके में बदल गया। अब ग्रामीण चुटकी लेते हुए पूछ रहे हैं कि जिला पंचायत के साहबान केवल दफ्तर में बैठकर नोटिस-नोटिस खेलने का मनोरंजन करते हैं या फिर उनके द्वारा जारी आदेशों में वाकई कोई प्रशासनिक दम होता है।

### जब मुखिया के आदेश ही हो गए बौने

इस पूरे घटनाक्रम का सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि जनपद के कार्यपालन यंत्री और जनपद सीईओ लगातार उपयंत्री की कार्यप्रणाली के खिलाफ प्रतिकूल प्रतिवेदन (रिपोर्ट) भेजते रहे, लेकिन जिला पंचायत मुख्यालय की रहस्यमयी अलमारी में पहुंचते ही वे सारी शिकायतें इच्छाधारी होकर गायब हो गईं। जब जिले के सबसे बड़े प्रशासनिक कर्णधार मुख्य कार्यपालन अधिकारी और उनके सहयोगी अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी के टेबल तक यह फाइल पहुंची, तो उम्मीद थी कि इस भ्रष्ट ताने-बाने को ध्वस्त कर दिया जाएगा। परंतु, नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा। उपयंत्री की पहुंच और प्रशासनिक गलियारों में उनकी मजबूत पकड़ ने यह साबित कर दिया कि जब तक ऊपर का वरदहस्त प्राप्त हो, तब तक नीचे चाहे कितनी भी शिकायतों का अंबार लग जाए, कुर्सी का बाल भी बांका नहीं हो सकता। जनपद के सहायक यंत्री भी इस पूरे खेल में मूकदर्शक बनकर, अपने मातहत उपयंत्री के इस अजेय रथ को हरी झंडी दे रहे हैं।




### साहब मौन, सिंडिकेट प्रसन्न

शहडोल के प्रशासनिक गलियारों में यह चर्चा आम है कि यदि कोई आम कर्मचारी या गरीब मजदूर छोटी सी भी तकनीकी गलती कर दे, तो यह तंत्र उसे तुरंत नियमों का पाठ पढ़ाकर दंडित कर देता है, लेकिन जब मामला एक ऐसे उपयंत्री का हो जिसके प्रभार वाली पंचायतों में कथित अनियमितता और मनमानी चरम पर हो, तो जिला पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी भी गांधारी की तरह आंखों पर पट्टी बांधकर बैठ जाते हैं। इस पूरे तमाशे से यह संदेश साफ जा रहा है कि जयसिंहनगर क्षेत्र में विकास कार्यों की कमान किसी नियम पुस्तिका के हाथ में नहीं, बल्कि उपयंत्री और उनके सहायकों के निजी रसूख के हाथ में है। अब देखना यह है कि जिला पंचायत के मुखिया अपनी खोई हुई प्रशासनिक हनक वापस पाने के लिए इस रसूखदार सिंडिकेट पर कोई वास्तविक और निष्पक्ष कानूनी हंटर चलाते हैं या फिर कागजों पर शुरू हुआ यह खेल, साहबों के परोक्ष संरक्षण में इसी तरह फलता-फूलता रहेगा।

## मनटोला और भमरहा में 200 घनमीटर अवैध रेत का जखीरा नष्ट! सोहागपुर के निपनिया में अवैध रेत परिवहन करती मेटाडोर वाहन जब्त

### कलेक्टर के निर्देश पर खनिज अमले की ताबड़तोड़ कार्रवाई से अवैध उत्खननकर्ताओं में मचा हडक़ंप

शहडोल।

जिले में प्राकृतिक संपदा की सरेआम लूट मचाने वाले रेत माफियाओं के विरुद्ध जिला प्रशासन ने अब पूरी तरह से कमर कस ली है। कलेक्टर के कड़े निर्देशन एवं मुख्य खनिज अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में खनिज विभाग के उडऩदस्ते ने जिले के विभिन्न अंचलों में खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन और अवैध भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस अचानक हुई छापेमारी से क्षेत्र के अवैध कारोबारियों और माफिया तंत्र में हडक़ंप मच गया है।



### अवैध ठिकानों पर गरजा विभाग का तंत्र

ब्यौहारी तहसील के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों से खनिज विभाग को लगातार रेत के अवैध दोहन और भंडारण की गंभीर शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इन जनशिकायतों को तत्काल संज्ञान में लेते हुए प्रभारी खनिज निरीक्षक (वृत्त-ब्यौहारी) के नेतृत्व में अमले ने ग्राम मनटोला (मैरटोला) सहकारी समिति के पीछे तथा ग्राम भमरहा-प्रथम सहित माफियाओं के कई अन्य संदिग्ध ठिकानों पर पूरी तैयारी के साथ धावा बोल दिया। वहां शासकीय भूमि पर अवैध रूप से संग्रहित करके रखी गई लगभग 200 घनमीटर लावारिस रेत पाई गई। विभाग ने तत्काल मुस्तैदी दिखाते हुए इस भारी मात्रा में जमा रेत को अपने नियंत्रण में लिया और मौके पर ही यांत्रिक उत्खनक वाहन (जेसीबी) लगवाकर पूरी रेत में मिट्टी मिलवा दी, जिससे रेत का यह अवैध जखीरा पूरी तरह से नष्ट और उपयोग के अयोग्य हो गया।

### अवैध परिवहन करते वाहन पर दबोचा

खनिज माफिया के खिलाफ यह सख्त अभियान यहीं नहीं रुका। सोहागपुर तहसील के अंतर्गत भी विभाग की पैनी नजर बनी हुई थी। मध्यरात्रि के पश्चात लगभग 2 बजे, ग्राम निपनिया में खनिज रेत का अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक मेटाडोर वाहन (क्रमांक एमपी 19 जीए 4357) को अमले ने रंगे हाथों धर दबोचा। विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त वाहन को तत्काल जब्त किया और सोहागपुर पुलिस थाने के सुपुर्द कर वहां सुरक्षित खड़ा करवा दिया है। जांच के दौरान पकड़े गए वाहन के स्वामी का नाम यश द्विवेदी निवासी ग्राम धुरवार, तहसील सोहागपुर पाया गया है। संबंधित वाहन चालक एवं वाहन स्वामी के विरुद्ध मध्य प्रदेश खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के सुसंगत प्रावधानों के तहत एक कड़ा आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया गया है, जिसे अंतिम निर्णय और भारी अर्थदंड की कार्रवाई हेतु सीधे जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

## विश्वविद्यालय में जुटे इंटरनेट मीडिया के धुरंधर कुलगुरु ने थमाई सामाजिक क्रांति की कमान

शहडोल।

केवल नाच-गाने और मनोरंजन का अखाड़ा बन चुके इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अब समाज सुधार और राष्ट्रहित के अस्त्र के रूप में बदलने की एक बड़ी और अभूतपूर्व कवायद पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में शुरू हुई है। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामशंकर के कड़े मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में आज परिसर के भीतर इंटरनेट मीडिया के दिग्गजों और प्रभावशाली रचनाकारों की एक बेहद महत्वपूर्ण और रणनीतिक बैठक संपन्न हुई। इस अनूठी बैठक में लगभग 20 ऐसे युवा डिजिटल योद्धाओं ने हिस्सा लिया, जिनके विभिन्न पटल पर लाखों और करोड़ों की संख्या में दर्शक (फॉलोअर्स) जुड़े हुए हैं।



### दिशाहीन न हो युवा पीढ़ी

बैठक को संबोधित करते हुए कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने दो टूक शब्दों में कहा कि वर्तमान समय डिजिटल चक्रव्यूह का है, जो समाज की सोच, दिशा और दशा को सीधे प्रभावित कर रहा है। उन्होंने इंटरनेट मीडिया की निरंकुशता पर अंकुश लगाने और उसकी शक्ति को सकारात्मकता की ओर मोडऩे का आह्वान किया। कुलगुरु ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय महज किताबी ज्ञान बांटने की दुकान नहीं है, बल्कि यह सामाजिक क्रांति का उद्गम स्थल है। उन्होंने इन प्रभावशाली युवाओं को उनकी जिम्मेदारी का अहसास कराते हुए चेताया कि वे केवल सतही प्रचार में न उलझें, बल्कि शिक्षा, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण के मुद्दों को आक्रामक तरीके से उठाएं।

### सिखाया ध्यान का कड़ा पाठ

बैठक में कुलसचिव डॉ. आशीष तिवारी सहित सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) समिति के डॉ. मुनीश नेगी, डॉ. सौरभ शिवा, डॉ. वंदना राम जैसे दिग्गज शिक्षाविद उपस्थित रहे। इस दौरान लगातार स्क्रीन पर व्यस्त रहने वाले इन युवाओं की मानसिक विकृति और तनाव को दूर करने के लिए कुलगुरु ने स्वयं उन्हें ध्यान और अंतर्मुखी एकाग्रता का कड़ा व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इस बैठक का सबसे बड़ा और दूरगामी परिणाम यह निकला कि विश्वविद्यालय अब इन प्रभावशाली रचनाकारों का एक स्थायी और योजनाबद्ध समूह (पैनल) तैयार कर रहा है। यह समूह विश्वविद्यालय के शोध, नवाचार और जनहितैषी गतिविधियों को सीधे समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएगा। उपस्थित दिग्गजों ने भी माना कि अब वे भटकाव छोडक़र जन-जागरूकता के अभियानों में विश्वविद्यालय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। बहरहाल, शिक्षा जगत और डिजिटल दुनिया के बीच हुआ यह तीखा और रचनात्मक गठबंधन क्षेत्र के पारंपरिक सिंडिकेट के लिए एक बड़ा संदेश है।

## प्रशासनिक उदासीनता के विरुद्ध मुखर हुई जनचेतना

### दस दिवस में निदान न होने पर चक्काजाम व उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

### मामला पहुंचा कलेक्टर आफिस

शहडोल। जनसमस्याओं के प्रति प्रशासनिक तंत्र की निरंतर बढ़ती विमुखता और झूठे आश्वासनों की नीति के विरोध में अब क्षेत्र की राजनैतिक व सामाजिक शक्तियों ने लामबंद होना प्रारंभ कर दिया है। इसी क्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, बुढ़ार के तत्वावधान में स्थानीय जनभावनाओं को स्वर देते हुए प्रशासन को एक तीखा चेतावनी पत्र प्रेषित किया गया है। जनहित के इस पुनीत यज्ञ में नगर कांग्रेस धनपुरी, अमलाई मंडलम कांग्रेस कमेटी सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने अपनी संपूर्ण संगठनात्मक शक्ति झोंकने का शंखनाद कर दिया है। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं से पीड़ित मातृशक्ति का आक्रोश भी अब फूटने की कगार पर है, जो इस आगामी आंदोलन को एक अभूतपूर्व और व्यापक स्वरूप प्रदान करेगा।

### झूठे आश्वासनों और प्रशासनिक निष्क्रियता पर गहरा क्षोभ

विगत माह 07 अप्रैल 2026 को क्षेत्र की विभिन्न गंभीर जन-समस्याओं के निवारण हेतु मुख्य महाप्रबंधक, एसईसीएल (सोहागपुर क्षेत्र) को एक विस्तृत ध्यानाकर्षण ज्ञापन सौंपा गया था। उस समय संबंधित उच्चाधिकारियों द्वारा इन समस्याओं के त्वरित व समयबद्ध निराकरण का पावन आश्वासन दिया गया था। परंतु निरंतर संपर्क साधने के उपरांत भी आज दिनांक तक शासन व प्रशासन के स्तर पर किसी भी बिंदु पर कोई धनात्मक या धरातलीय कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की गई। प्रशासनिक तंत्र की यह दीर्घकालिक निष्क्रियता क्षेत्र की जनता के साथ एक घोर अन्याय और छलावा प्रतीत हो रही है।




### दस दिवसीय अल्टीमेटम और उग्र आंदोलन की रूपरेखा

प्रशासनिक शिथिलता से क्षुब्ध होकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अंकित सिंह एवं अन्य शीर्ष पदाधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में उद्घोष किया है कि यदि आगामी 10 दिवस के भीतर जनहित के इन बिंदुओं पर न्यायसंगत और वैधानिक कार्रवाई नहीं की जाती है, तो क्षेत्र की जनता और संगठन लोकतांत्रिक पद्धति से प्रतिरोध करने हेतु विवश होंगे। आंदोलन का मुख्य केंद्र बघईया पुलिया, अमरकंटक रोड धनपुरी (वार्ड क्र. 26/27), प्रतिरोध के स्वरूपः अनशन, व्यापक जन-आंदोलन एवं चक्काजाम। इस प्रस्तावित आंदोलन में वार्ड क्रमांक 26 और 27 सहित 3 न. से लेकर अमलाई फाटक तक के व्यापारी भी सैकड़ों स्थानीय रहवासी, प्रबुद्ध नागरिक तथा मातृशक्ति स्वेच्छा से सहभागिता करेंगे, जिनके हस्ताक्षरित पत्र भी संलग्न किए जा चुके हैं। संगठन ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि इस शांतिपूर्ण किंतु आक्रामक आंदोलन के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था की स्थिति और विषम परिस्थितियों की पूर्ण जवाबदेही केवल और केवल स्थानीय शासन एवं प्रशासन की होगी।

### उच्चाधिकारियों को प्रतिलिपि प्रेषित

इस जन-आक्रोश पत्र की प्रतिलिपियां मुख्य महाप्रबंधक (एसईसीएल सोहागपुर), क्षेत्रीय अधिकारी (म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, शहडोल), अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एस.डी.ओ.पी. धनपुरी), थाना प्रभारी (धनपुरी/अमलाई) तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहडोल) को त्वरित संज्ञान एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु प्रेषित कर दी गई हैं। क्षेत्र में बढ़ते इस जनाक्रोश को देखते हुए अब यह देखना समीचीन होगा कि प्रशासन कुंभकर्णी निद्रा से जागता है या फिर क्षेत्र को एक बड़े जन-आंदोलन की अग्नि में झुलसने के लिए छोड़ देता है।

## पत्र नहीं मिला कहने वाले जिम्मेदारों की नर्सिंग एसोसिएशन ने खोली पोल

शहडोल।

बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का प्रशासन इन दिनों अपनी कार्यप्रणाली और घोर लापरवाही को लेकर विवादों में है। कॉलेज के जिम्मेदार अधिकारी अपनी कमियों को छुपाने के लिए अब एक ऐसा बहाना बना रहे हैं, जिसे सुनकर कोई भी हैरान रह जाए। कर्मचारियों की समस्याओं और शिकायतों पर कार्रवाई करना तो दूर, अब अधिकारी सीधे इस बात से ही मुकर रहे हैं कि उन्हें कोई शिकायती पत्र मिला भी है। अधिकारियों का साफ कहना होता है कि उन्हें ऐसा कोई लेटर मिला ही नहीं। प्रशासन के इसी टालमटोल वाले रवैये के खिलाफ अब नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन जिला शाखा शहडोल ने मोर्चा खोल दिया है। एसोसिएशन ने कॉलेज के अधिष्ठाता को एक पत्र सौंपकर कॉलेज प्रशासन की इस घोर लापरवाही को उजागर किया है।




### रद्दी की टोकरी में फेंके जा रहे नियम

एसोसिएशन द्वारा सौंपे गए पत्र में साफ तौर पर आरोप लगाया गया है कि शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद मेडिकल कॉलेज शहडोल में कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों और शिकायती पत्रों की पावती देने की कोई व्यवस्था ही नहीं है। नियम कहते हैं कि जब भी कोई कर्मचारी सरकारी कार्यालय में अपनी समस्या या दस्तावेज जमा करता है, तो उसे रिसीविंग दी जानी चाहिए। लेकिन शहडोल मेडिकल कॉलेज में इस नियम को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है। कर्मचारियों का आरोप है कि जानबूझकर पावती नहीं दी जाती, ताकि बाद में अधिकारी यह कह सकें कि उनके पास तो कोई शिकायत आई ही नहीं। इस लापरवाही के कारण नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों की जायज शिकायतों का आज तक कोई निराकरण नहीं हो सका है। कर्मचारियों के शिकायती पत्र और जरूरी दस्तावेज सीधे ठंडे बस्ते के हवाले कर दिए जाते हैं।

### एसोसिएशन की दो टूक, अब नहीं चलेगी मनमानी

नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से हस्ताक्षर कर इस पत्र को कॉलेज प्रशासन को रिसीव कराया है। एसोसिएशन ने साफ शब्दों में मांग की है कि शासन के आदेशों का पालन करते हुए सरकारी कार्यालयों में पावती देने की प्रक्रिया को अतिशीघ्र शुरू किया जाए, ताकि कर्मचारियों की आवाज को दबाया न जा सके। अब देखना यह होगा कि इस शिकायत के बाद भी मेडिकल कॉलेज प्रशासन की नींद टूटती है या फिर हमेशा की तरह इस बार भी अधिकारी यही राग अलापेंगे कि उन्हें पत्र प्राप्त ही नहीं हुआ।

### शासकीय आदेश का भी नहीं हो रहा सम्मान

हैरानी की बात यह है कि मध्य प्रदेश शासन का एक स्पष्ट आदेश क्रमांक 1745/2318/06/1/9 भोपाल दिनांक 27/7/06 है, जो सरकारी कार्यालयों में पावती देने को अनिवार्य बनाता है, लेकिन बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज का प्रशासन शासन के नियमों का भी पालन नहीं कर रहा है। वर्षों पुराने इस नियम की धज्जियां शहडोल में सरेआम उड़ाई जा रही हैं।

**खबर संक्षेप**

### 29 मई को सुब्रतो मुखर्जी फुटबाल के आयोजन के संबंध में बैठक

**उमरिया।** जिले में राज्य स्तरीय सुब्रोतो मुखर्जी फुटबाल बालक 15 एवं 17 वर्ष आयु वर्ग से कम एवं बालिका 17 वर्ष आयु वर्ग से कम का आयोजन किया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय कि अध्यक्षता में बैठक 29 मई को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

### विशेष लोक अदालत में लंबित प्रकरणों के संबंध में बैठक संपन्न



**उमरिया।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित विशेष लोक अदालत के संबंध में जिला उमरिया के अंतर्गत कुल 6 प्रकरण लंबित है, प्रकरणों में एडीआर सेंटर भवन उमरिया पक्षकारों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रकरणों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलह करने हेतु विचार-विमर्श किया गया। बैठक में अहमद रजा, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमरिया, मोहन डावर, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया एवं सरफराज खान, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड उमरिया, सुधांशु सोनी, प्रशिक्षु न्यायाधीश उमरिया एवं पक्षकारगण आदि उपस्थित रहे।

### बांध में मिला 30 वर्षीय युवक का शव

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** थाना अंतर्गत 30 वर्षीय युवक का शव मंगलवार को गांव के ही बांध में मिलने से सनसनी मच गई। बताया जा रहा है कि मृतक एक दिन पूर्व से लापता था जिसका शव दूसरे दिन पानी में तैरते पाया गया। घटना को लेकर पूरे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पुलिस को दिए जाने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पंचनामा एवं शव परीक्षण कर पीएम उपरांत परिजनों को सौंप दिया। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। घटना के बारे में बताया जाता है कि रामदयाल सिंह सोमवार को अपने दोस्तों के साथ एक दिन पूर्व घर से निकला जिसका शव बुधवार को रेउला पकरिहा गांव के बीच गहरे बांध में डूबता पाया गया। सूत्रों के अनुसार युवकों के द्वारा पार्टी भी की गई थी जिसे ग्रामीणों ने देखा था। पुलिस मर्ग कायम कर सभी बिंदुओं से जांच की जा रही है।

### शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन शुरू

**कटनी।** जिले में संचालित समस्त शासकीय आईटीआई संस्थाओं में प्रवेश सत्र 2026 के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल पर "प्रवेश रजिस्ट्रेशन 2026" लिंक के माध्यम से 30 जून तक पंजीयन एवं त्रुटि सुधार कर सकते हैं। वहीं 1 जून से 30 जून तक चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिले में शासकीय आईटीआई कटनी, विजयराघवगढ़, बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा (उमरियापान), बरही (बड़वारा), रीठी एवं कैमोर संस्थाएं संचालित हैं।

## निजी स्वार्थ के लिए शासन के बजट का बंदरबांट

# नौगवां पंचायत में 23 लाख का खेला

### बिना आबादी के जंगल में खड़ा कर दिया स्टॉप डैम कम रपटा पियूष ट्रेडर्स की आड़ में फर्जी बिलिंग का बड़ा खेल

**मानपुर।** प्रदेश शासन की अतिमहत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री ग्राम सडक़ एवं अवसंरचना योजना को जमीनी स्तर पर पलीता लगाने जनपद पंचायत मानपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत नौगवाँ का मामला सामने आया है। यहां विकास के नाम पर भ्रष्टाचार का ऐसा खेला हुआ है, जिसने शासकीय नियमों और तकनीकी मापदंडों की धज्जियां उड़ाकर रख दी हैं। लोहिटा टोला के पास बिना किसी औचित्य और बिना किसी घनी आबादी के, महज अपने निजी स्वार्थ और जेबें भरने के लिए 23 लाख 15 हजार की भारी-भरकम राशि पानी में बहा दी गई। कागजों पर इस कार्य की तकनीकी स्वीकृति क्रमांक 353 (दिनांक 05/02/2024) और प्रशासनिक स्वीकृति क्रमांक 760/2024/2649 (दिनांक 23/02/2024) दर्ज है, जिसकी पूर्णता तिथि 15 फरवरी 2026 निर्धारित थी, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि यह रपटा भ्रष्टाचार की नींव पर खड़ा एक ऐसा कमजोर ढांचा है, जो अपनी पहली ही परीक्षा (बारिश) में जमींदोज होने की कगार पर है।

### तस्वीरें खोल रहीं उपयंत्री की पोल

मौके से आई तस्वीरें इस बात की गवाही खुद दे रही हैं कि निर्माण कार्य में तकनीकी मापदंडों का कत्लेआम किया गया है। किसी भी स्टॉप डैम कम रपटा निर्माण के लिए सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा उसकी रिटर्न वॉल (सुरक्षा दीवार) और क्रॉस बैरियर होते हैं, जो पानी के तेज बहाव के समय मिट्टी के कटाव को रोकते हैं और पुलिया की संरचना को स्थिरता देते हैं। परंतु नौगवां के इस रपटे में दोनों छोर पर दूर-दूर तक कोई पक्की रिटर्न वॉल नहीं बनाई गई है। रपटे के किनारों पर सिर्फ मुरुम का ढेर लगा दिया गया है। पानी के निकास और एप्रोच रोड को आपस में सुरक्षित जोडऩे के लिए कोई तकनीकी काम नहीं हुआ है। यह पूरा खेला उपयंत्री के संरक्षण में खेला गया है, जिससे इंकार नहीं किया जा सकता।

### पियूष ट्रेडर्स के नाम पर फर्जीवाड़ा

इस पूरे घोटाले को अंजाम देने के लिए पियूष ट्रेडर्स नाम की फर्म को मोहरा बनाया गया है। दस्तावेजों के मुताबिक, इस फर्म के नाम पर 35 ट्रॉली रेत के लिए 1,05,000 और मुरुम ढुलाई के भाड़े के नाम पर 93 ट्रॉली का 78,813 का भुगतान आहरित किया गया है। हद तो तब हो गई जब टैक्स नियमों को भी ठेंगा दिखाते हुए 5 प्रतिशत की जगह सीधे 9 प्रतिशत जीएसटी का फर्जी गणित बैठाया गया। जब उमरिया, कटनी, शहडोल और अनूपपुर जैसे जिलों में मुरुम की कोई भी व्यापारिक खदान स्वीकृत ही नहीं है, तो पियूष ट्रेडर्स ने 93 ट्रॉली मुरुम कहां से और किस खदान से लाकर सप्लाई कर दी? साफ है कि बिना किसी वैध रॉयल्टी के नदी की चोरी की रेत और अवैध मुरुम का खनन कर इस रपटे में ठूंस दिया गया और सरकारी खजाने से लाखों रुपये डकार लिए गए।



### सरपंच का पल्ला झाडऩा, सचिव का फरार होना

जब इस महा-घोटाले को लेकर ग्राम पंचायत के जिम्मेदार नुमाइंदों को घेरने की कोशिश की गई, तो उनका गैर-जिम्मेदाराना रवैया सामने आया। सरपंच मुकेश पटेल से जब जानकारी चाही गई तो उन्होंने साफ मुकरते हुए कहा हमने तो कोई काम ही नहीं करवाया है, वह पिछले वर्ष का है और सिर्फ मुरुम डलवा कर कार्य पूर्ण करवाया गया है। अब सवाल यह है कि यदि सरपंच ने काम नहीं कराया तो 23 लाख की राशि किसके खातों में ट्रांसफर हुई? दूसरी तरफ, पंचायत के सचिव राम लखन इस कदर डरे हुए हैं कि मीडिया का फोन तक रिसीव करने की जहमत नहीं उठा रहे हैं। वहीं इस पूरे निर्माण का फर्जी मूल्यांकन (वेल्यूएशन) करने वाले उपयंत्री भी पूरी तरह जांच के घेरे में हैं, जिन्होंने दफ्तर में बैठकर ही इस घटिया निर्माण को ओके की हरी झंडी दे दी।

### कलेक्टर और सीईओ से निष्पक्ष जांच की मांग

नदी गवाही देती चोरी की रेत और बिना विंग वॉल का यह ढांचा जिला प्रशासन को चुनौती दे रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों और प्रबुद्धजनों ने जिले की संवेदनशील कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय एवं जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह ओहरिया से जनापेक्षा की है कि वे इस मामले को संज्ञान में लें। भ्रष्टाचार की इस त्रिमूर्ति सरपंच, सचिव, उपयंत्री और अवैध बिलिंग करने वाले फर्म संचालक पियूष ट्रेडर्स के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर मौके का तकनीकी निरीक्षण कराया जाए, ताकि सरकारी पैसे की इस डकैती का पर्दाफाश हो सके।

## अवैध खनिज उत्खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई





### 1 पोकलेन मशीन एवं हाइवा वाहन जप्त

**उमरिया।** जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय के निर्देशन में खनि अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी, सहायक खनि अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, खनि निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा, प्रभारी खनि निरीक्षक एन.एस. आर्मो, सैनिक सरमन लाल केवट, श्रीराम शर्मा एवं राजेश शुक्ला की टीम ने 27 मई 2026 को ग्राम लोढ़ा, तहसील चंदिया में कार्रवाई की है। जांच के दौरान रेलवे लाइन निर्माण कार्य में अवैध रूप से उत्खनित मुरुम का उपयोग किए जाने की पुष्टि होने पर टीम ने एक टाटा हिटाची हाइड्रोलिक एक्सकेवेटर पोकलेन मशीन (मॉडल एक्स 200 एलसी सुपरप्लस सीरियल नंबर एसपी 20-58709) तथा हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 10 बीयू 2634 को जप्त किया। वाहनों के विरुद्ध म.प्र. खनिज अवैध (खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि कलेक्टर एवं खनि अधिकारी के निर्देशन में जिलेभर में लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है तथा अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## ग्राम पंचायत पतौर में किया जा रहा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण

**मानपुर।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पतौर में स्वयंसेवी संस्था साहस द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रोजेक्ट क्लीन डेस्टिनेशन बांधवगढ़ के अंतर्गत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य संचालित किया जा रहा है। सरपंच सूर्यपाल ने बताया कि यह परियोजना ग्राम पंचायत पतौर में गत मार्च माह से शुरू की गई है। इसके तहत पंचायत के सभी गांवों एवं रिसॉर्ट्स में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नियमित रूप से कचरा संग्रहण वाहन संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा ग्राम पंचायत पतौर सहित ताला, गुरवाही, माला और डोभा क्षेत्रों में रिसाइक्लिंग आधारित कचरा संग्रहण कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। संग्रहित कचरे को प्राथमिक भंडारण केंद्र में रखा जा रहा है। इसके बाद कचरे का पृथक्करण कर पुनर्चक्रण योग्य कचरे का विक्रय किया जाएगा, जिससे ग्राम पंचायत की आय में वृद्धि होगी। वहीं, जो कचरा विक्रय योग्य नहीं होगा, उसे सीमेंट प्लांट्स भेजा जाएगा। परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संस्था की टीम द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता अभियान से जोडऩे एवं उनकी सहभागिता बढ़ाने हेतु जागरूकता गतिविधियां और जन-जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।



## तेज रफ्तार ट्रक चालक ने मचाया कोहराम, बड़ी दुर्घटना टली

**कोतमा।** मंगलवार की रात्रि लगभग 9.00 बजे के लगभग एक बड़ी दुर्घटना टल गई एक तेज रफ्तार 14 चक्का के ट्रक चालक ने कोहराम मचाया जिससे हड़कंप मच गया, कई वाहनों को अपने चपेट मे लेते हुए चालक ने भागने का प्रयास किया जिसका पीछा करते हुए वार्ड नंबर 11 में ट्रक को पकड़ा गया। क्षेत्र में तनाव और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। घटना के बारे में बताया जाता है कि बुधवार की रात 14 चक्का का वाहन जिसमें रेत लदा हुआ था के चालक ने अटल चैपाटी से पुराना टाकीज रोड में वाहन को ले गया बताया जाता कि उस समय बाजार में काफी भीड़भाड़ रहती है ट्रक चालक वाहन को काफी रफ्तार से चलाते हुए ले जा रहा था तभी कई वाहनों को अपने चपेट में लेते हुए चंदेरिया आभूषण के पास ग्राहक की कार खड़ी थी उसमें ठोकर मारते हुए गहरवार प्रेस के पास इलेक्ट्रिक दुकान के सामने मोड में दो मोटरसाइकिल को तेज रफ्तार में ठोकर मारते हुए जिससे दोनों मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और उसके बाद अंडरब्रिज के पास खड़ी कुछ दो पहिया वाहनों को भी ठोकर मारते हुए आगे की ओर भाग गया वाहन चालक काफी शराब के नशे में था लोगों ने उसका पीछा किया तो वार्ड क्रमांक 11 गोविंदा गांव के आगे गोविंदा रेलवे साइडिंग रोड में ड्राइवर ने वाहन को एक गड्ढे में घुसेड दिया जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया तभी लोगों के साथ ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और चालक को पकडते हुए थाने ले आई वाहन की ठोकर से एक दो व्यक्तियों को चोट भी आई है। थाने में लोगों का हुजूम इकट्ठा हो गया। पुलिस ने मामले में वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए विवेचना कर रही है।



फरियादी जावेद खान पिता जहीर खान उम्र 45 वर्ष निवासी वार्ड नं. 12 गोविंदा कालरी, मुक्तेश्वर मिश्रा निवासी वार्ड.नं. 13 लहसुई कैम्प, दुर्गेश चैधरी ग्राम ऊरा, अभिषेक सिंह निवासी भालूमाडा ने थाने मे रिपोर्ट किया कि मेरी गहरवार प्रेस के पास कोतमा मे इलेक्ट्रोनिक की दुकान है बुधवार की शाम करीब 8.50 बजे मैं अपनी दुकान बंद कर रहा था उसी समय शारदा मंदिर कोतमा के रोड तरफ से ट्रक का चालक सोनू सोनकर पिता प्यारेलाल सोनकर निवासी गेट दफाई भालूमाडा का ट्रक को काफी तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते आया और मेरी दुकान के सामने खड़ी मोटर सायकल में टक्कर मारा जो मोटरसायकल मेरे ऊपर गिर गई फिर वह ट्रक वाहन को बैक किया बैक करते समय दुर्गेश चैधरी की मोटरसायकल मे ठोकर मारा जिससे उसकी गाडी क्षतिग्रस्त हो गई तथा मनोज जैन गन्ना वाले की कुर्सी भी टूट गई अनिमेश प्रताप सिंह के दुकान का छत व सटर भी क्षतिग्रस्त हो गया ट्रक चालक ट्रक को आगे गोविंदा तरफ लेकर भागते समय अभिषेक सिंह उर्फ विक्की की कार में ठोकर मारते मुक्तेश्वर मिश्रा को भी उनकी मोटरसायकल मे ठोकर मारकर ट्रक लेकर गोविंदा कालरी तरफ भाग गया ट्रक चालक के एक्सीडेंट करने से मुझे तथा मुक्तेश्वर मिश्रा को चोटें आई है तथा अभिषेक सिंह, दुर्गेश चैधरी की कार एवं मोटरसायकल क्षतिग्रस्त हो गई है । बताया जाता है कि वाहन मे 24 मई को खमराकला गांव त्योथर तहसील रीवा से सिलिका रेत लोड होकर अंजोर छत्तीसगढ़ के लिए वाहन निकला था। पुलिस ने वाहन चालक एवं मालिक के खिलाफ धारा 110 111(१) बीएनयस का दर्ज किया है।

### शासकीय पालीटेक्निक महाविद्यालय में संचालित 4 ब्रांचों में प्रवेश हेतु पंजीयन प्रारंभ

**उमरिया।** शासकीय पालीटेक्निक महाविद्यालय ने बताया कि शासकीय पालीटेक्निक महाविद्यालय उमरिया में संचालित 4 ब्रांचो में सिविल इंजीनियरिंग, मेकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं माइनिंग इंजीनियरिंग प्रवेश हेतु पंजीयन प्रारंभ हो गये है । प्रवेश संबंधी जानकारी हेतु संस्था के दूरभाष क्रमांक 07653-299055 पर संपर्क किया जा सकता है । उन्होने बताया कि प्रथम चरण मे आनलाइन रजिस्ट्रेशन, रजिस्ट्रेशन निरस्त की अवधि 29 मई तक, रजिस्ट्रेशन मे सुधार की अवधि 31 मई तक, संस्थाओ के प्राथमिकताक्रम का आनलाइन चयन कर लॉक करने कि अवधि 2 जून तक, कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता की अवधि 3 जून तक, आवंटन पत्रो की आनलाइन उपलब्धता, आवंटित संस्थो में उपस्थिति की अवधि 13 जून तक निर्धारित की गई है । इसी तरह व्दितीय चरण में आनलाइन रजिस्ट्रेशन , रजिस्ट्रेशन निरस्त की अवधि 18 जून तक, रजिस्ट्रेशन मे सुधार की अवधि 20 जून तक, संस्थांओ के प्राथमिकताक्रम का आनलाइन चयन कर लॉक करने की अवधि 22 जून तक, कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता की अवधि 23 जून तक, आवंटन पत्रो की आनलाइन उपलब्धता , आवंटित संस्था में उपस्थिति की अवधि 3 जुलाई निर्धारित की गई है। संस्था स्तर की काउंसलिंग पर आनलाइन रजिस्ट्रेशन 4 जुलाई से 12 अगस्त तक, प्रवेश के अवसर का समय 6 जुलाई से 12 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को प्रातः 10.30 बजे से सायं 6.30 बजे तक तथा काउंसलिंग उपरांत रिक्त रह गई सीटो के लिए 13 अगस्त से 14 अगस्त तक अंतिम तिथि रजिस्ट्रेशन की अवधि निर्धारित की गई है ।

## दो जर्जर भवनों के डिस्मेंटल की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा नगर के जर्जर भवनों को लेकर की जा रही सतत समीक्षा एवं दिए जा रहे निर्देशों के अनुपालन में नगर निगम प्रशासन द्वारा जर्जर एवं खतरनाक भवनों के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा बैठक में दिए गए निर्देश के पश्चात निगम प्रशासन ने मंगलवार को शहर के दो अत्यंत जर्जर भवनों के जर्जर हिस्से को डिस्मेंटल की कार्रवाई करते हुए संभावित हादसों को टालने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया।

कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह एवं अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि मानसून के दौरान जर्जर भवनों के ढहने की आशंका को गंभीरता से लेते हुए निगम प्रशासन द्वारा चिन्हित भवनों का लगातार सर्वे कराया जा रहा है। इसी श्रृंखला में बी.डी अग्रवाल वार्ड एवं महारानी लक्ष्मी बाई स्थित दो भवनों के जर्जर हिस्से को डिस्मेंटल की कार्यवाही की गई। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखते हुए संबंधित क्षेत्रों में आमजन की आवाजाही नियंत्रित की गई तथा तकनीकी अमले की उपस्थिति में भवनों को चरणबद्ध तरीके से हटाया गया।

कार्यपालन यंत्री श्री सिंह ने बताया कि नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए ऐसे भवन जो वर्षों से उपेक्षित जर्जर अवस्था में खड़े हैं या ऐसे भवन जिनका कुछ हिस्सा जर्जर अवस्था में है और कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

## ईदुज्जुहा को दृष्टिगत रखते हुए थाने में शांति समिति की बैठक का किया गया आयोजन



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** गुरुवार को ईदुज्जुहा का त्यौहार मुस्लिम समुदाय के द्वारा मनाया जायेगा। त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की परंपरा है जिसे सभी लोग मिलजुल कर मनाए। पानी, बिजली एवं सफाई की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा सुचारू रूप से बनाई जाएगी। ईदगाह वाले दिन बिजली की आपूर्ति निर्वाध रूप से बनी रहे इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। खुले में किसी प्रकार से कुर्बानी ना दी जाए किसी प्रकार का आवागमन में बाधा उत्पन्न ना हो इस पर ध्यान रखा जाए। ईदगाह स्थल पर सभी व्यस्था दुरुस्त की जाएगी। ईदगाह स्थल पर टेंट पानी व सफाई की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा कराई जाएगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर भी पुलिस की नजर बनी रहेगी आपसी माहौल बिगाडने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस कड़ी कार्यवाही करेगी। गुरुवार को सुबह ईदगाह में नमाज अता की जाएगी। बैठक मे तहसीलदार दशरथ सिंह, श्याम लाल मरावी, सीएमओ प्रदीप झारिया सहित जनप्रतिनिधि मुस्लिम समुदाय के साथ ही नागरिक उपस्थित रहे। गणमान्य नागरिकों द्वारा भी अपने अपने विचार रखे गए। प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारी की गई है। उपस्थित सभी लोगों द्वारा शांति एवं सदभाव से पर्व मनाने की अपील की गई।

## रामनगर पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गश्त में स्थाई वारंटियों की धरपकड़

### 6 स्थाई वारंट, 2 गिरफ्तारी वारंट तामील

**हरिभूमि न्यूज राजनगर। पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में जिले में दिनांक 27.05.2026 की रात्रि में कॉम्बिंग गश्त आदेशित की गई थी। उक्त अभियान के दौरान वारंटियों की धरपकड़ हेतु थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थानों पर दबिश दी गई।**

कॉम्बिंग गश्त के दौरान 'स्थाई वारंटियों में राहुल कोल पिता सजन कोल, उम्र 20 वर्ष, निवासी विशेषर दफाई, 2. ददुआ कोल पिता तिमाली कोल, उम्र 55 वर्ष, निवासी विशेषर दफाई, 3. राजेश लकड़ा पिता बहादुर लकड़ा, उम्र 38 वर्ष, निवासी पौराधार, 4. राममिलन कोल पिता सेमला कोल, उम्र 40 वर्ष, निवासी विशेषर दफाई, 5. शनि मलिक पिता स्व. राजू मलिक, उम्र 19 वर्ष, निवासी चर्च के सामने राजनगर, 6. सचिन उर्फ डिस्क पिता स्व. राजू मलिक, उम्र 30 वर्ष, निवासी चर्च के सामने राजनगर के तामील किए गए हैं। साथ ही 'गिरफ्तारी वारंटी' प्रकरण में 1. राहुल चन्द्रा पिता शिव प्रसाद चन्द्रा, उम्र 23 वर्ष, निवासी आमाडांड के मृत हो जाने पर परिजनों से मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किया व 2. दयानिधान यादव पिता सीताराम यादव, उम्र 65 वर्ष, निवासी न्यू डोला थाना रामनगर के मृत हो जाने पर परिजनों से मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रामनगर सुमित कौशिक के साथ एएसआई विनोद नाहर, प्रधान आरक्षक सनत द्विवेदी, प्रधान आरक्षक अमित पटेल, प्रधान आरक्षक निरंजन खलखो, आरक्षक अनुराग भार्गव एवं आरक्षक मूरत सिंह की सराहनीय भूमिका रही।



## खबर संक्षेप

### कातिलाना हमला करने वाले आरोपित को जंगल से पकड़ा

**कटनी।** चाकू से कातिलाना हमला करने वाले आरोपित को बिलहरी चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 25 मई को फरियादी द्वारा थाने पर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वो ग्राम बडखेरा में अपने खेत से घर आ रहा था तभी रास्ते में प्रहलाद पटेल उर्फ पला उसे गाली देने लगा जब उसने गाली देने से मना किया तो उसके द्वारा जान से मारने की नीयत से उसके पेट में छुरे से वार कर दिया तब फरियादी ने बचाव किया तो उसके जांघ में छुरे से चोट पहुंची तब आरोपी द्वारा दुबारा उस पर वार किया तब राजेंद्र व संदीप पटेल ने फरियादी को बचाया तब आरोपी प्रहलाद उर्फ पला वहां से ये कहते हुए फरार हो गया कि आज तो बच गया अगली बार मिलेगा तो जान से खत्म कर दूंगा । पुलिस द्वारा एफ आई आर दर्ज कर आरोपी की तलाश की गई जो रात में अंधेरे का फायदा उठाकर बडखेरा से कनकी जंगल की तरफ भाग गया था जिसकी पुलिस द्वारा देर रात तक लगातार तलाश की गई जो ग्राम बडखेरा के जंगल में काफी मशक्कत और प्रयास करने के बाद दस्तयाब हुआ जिसे पुलिस ने अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की और घटना में प्रयुक्त छुरा जप्त किया है जिसे न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया है । कार्यवाही में चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय, प्र आर.व्यास गुप्ता,भारत विश्वकर्मा,संतोष प्रजापति,आर. सौरभ जैन,लव उपाध्याय,दिल्केश्वर सिंह,संदीप भलावी,विकास,सैनिक धनेंद्र त्रिपाठी का योगदान रहा ।

### जगन्नाथ स्वामी मंदिर परिसर में भागवत कथा

**कटनी।** दक्षिणमुखी बड़े हनुमान मंदिर कमानिया गेट के तत्वाधान में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा हैं। आयोजन समिति के बउआ महाराज ने बताया कि जगन्नाथ मंदिर परिसर में 27 मई से 06 जून तक चलने वाले श्रीमद् भागवत पुराण कथा के भव्य कार्यक्रम के तहत भगवान श्री कृष्ण जी की विभिन्न लीलाओं एवं चित्रण पर आधारित ज्ञान कथाओं का प्रसिद्ध कथा व्यास देवी श्रीकृष्ण बल्लभा वृंदावनधाम की मधुर वाणी के द्वारा सुंदर वाचन किया जावेगा। सांयकाल 6.00 बजे हनुमान मंदिर कमानिया गेट से एक विशाल भव्य कलश यात्रा निकाली जावेगी जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुये जगन्नाथ चैक स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में पूजा अर्चाना के साथ समापन होगा इसके तत्पश्चात भागवत कथा का वाचन प्रारंभ होगा। इस महापुरण कथा को श्रवण करने हेतु मंदिर के पुजारी आनंद महाराज एवं जगन्नाथ मंदिर कमेटी ने शहर के धर्मप्रियजनों से आयोजन स्थल पर पहुंचकर कथा का श्रवण करने अपील की है।

### यातायात व सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**कटनी।** ईद-उल-अजहा पर्व को लेकर पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर यातायात, भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। यातायात प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ठाकुर एवं रंगनाथनगर थाना प्रभारी उप निरीक्षक अरुण पाल सिंह ने ईदगाह से लेकर चांडक चौक, मिशन चौक, सागर पुलिया, कब्रिस्तान मार्ग एवं कर्बला क्षेत्र तक भ्रमण कर यातायात संचालन, पार्किंग व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने संबंधित मार्गों पर सुगम यातायात बनाए रखने, आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# जल गंगा दशहरा महोत्सव पर कलश यात्रा एवं जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम आयोजित



**जयसिंहनगर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक सांख्यिकी विभाग मध्यप्रदेश शासन जिला शहडोल के संभागीय समन्वयक भीम सिंह डामोर जी एवं जिला समन्वयक विवेक पांडेय जी के निर्देशन में तथा ब्लॉक समन्वयक ऋत्विक दास मिश्रा जी के मार्गदर्शन पर गंगा दशहरा महोत्सव जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत दिनांक 25 मई 2026 को सेक्टर टिहकी क्रमांक 05 अंतर्गत स्वामी विवेकानन्द सेवा समिति बांसा, विकासखंड जयसिंहनगर जिला शहडोल के तत्वाधान में गंगा दशहरा महोत्सव बड़े श्रद्धा, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बांसा, बराछ, करकी एवं विजहा हिड़वाह के प्रस्फुटन समितियो के पदाधिकारी सदस्य गण एवं ग्रामीणों, महिलाओं की सक्रिय हभागिता रही।**

कार्यक्रम के तहत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति करकी, विजहा हिड़वाह, बराछ एवं नवांकुर संस्था बांसा के तत्वावधान में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सहभागी होकर भजन-कीर्तन एवं भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इस अवसर पर चौपड़ा एवं जल स्त्रोतों की साफ-सफाई कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही वरुण देवता का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। इसके उपरांत खुजुलुहा धार स्थित शिव मंदिर बांसा में भगवान शिव का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलाभिषेक कराया गया। जलाभिषेक कार्यक्रम स्वामी विवेकानन्द सेवा समिति बांसा के अध्यक्ष राजेश द्विवेदी द्वारा संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बांसा के सरपंच अजय सिंह कंवर, उपसरपंच संतलाल प्रजापति, जीआरएस नीरज तिवारी सहित पंच, ग्रामीणजन एवं समिति सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस दौरान समिति अध्यक्ष राजेश द्विवेदी ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "जल ही जीवन है, जल है तो कल है।" उन्होंने कहा कि जल की प्रत्येक बूंद अमूल्य है तथा वर्तमान समय में जल संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि आज जल का संरक्षण नहीं किया गया तो भविष्य में मानव, जीव-जंतु एवं पेड़-पौधों को जल संकट का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने ग्रामीणों से वर्षा जल संचयन एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु जागरूक रहने की अपील की।

गंगा दशहरा महोत्सव के अवसर पर महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन एवं धार्मिक गीत प्रस्तुत किए गए। पूरे कार्यक्रम के दौरान धार्मिक एवं सामाजिक समरसता का वातावरण देखने को मिला। बांसा में 12ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति करकी में 8 सदस्य विजहा 20 सदस्य में हिड़वाह में 15 सदस्य एवं बराछ 20 सदस्यों की उपस्थिति रही है।गंगा दशहरा पर्व बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, पारंपरिक जल स्त्रोतों की सुरक्षा तथा समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक संदेश देना रहा। सभी समितियों को को मिलाकर कार्यक्रम में लगभग 75 लोगों कि सहभागिता रही है।

## जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित की गई। कलेक्टर ने अनाथ बच्चो को स्पान्सरशिप योजना का लाभ देने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि शहडोल के चौपाटी में लगाने वाले दुकानदारो का हेल्थ चेकअप शिविर लगाकर किया जाए। बैठक में बताया गया कि शासकीय स्पान्सरशिप योजना अंतर्गत नवीन 10 अनाथ 06 दिव्यांग एवं 09 एकल विधवा माता के बच्चों को लाभ प्रदान किया गया है। कलेक्टर ने बैठक में चाइल्ड लाइन में प्राप्त शिकायतों, एएनसी पंजीयन जैसे अन्य विषयों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, अध्यक्ष जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति श्रीमती कल्याणी बाजपेयी सहित अन्य अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहें।

## सैकड़ों आदिवासियों ने एसडीएम कार्यालय पहुंच बताई अपनी पीड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



विजयराघवगढ़ अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में मंगलवार को बाणसागर परियोजना के विस्थापित सैकड़ों आदिवासी ग्रामीणों ने शासकीय जमीन पर मालिकाना हक दिए जाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उन्हें इस जमीन से बेदखल किया गया, तो उनके पास जीवन समाप्त करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। इन परिवारों को वर्ष 1996 में बाणसागर परियोजना के कारण विस्थापित होना पड़ा था।

ग्राम डोली, पोड़ी, आमा, कोल, नवासता, करेहा, इटौरा और इटमा सहित कई गांवों के निवासी पुनर्वास की उचित व्यवस्था न होने के कारण पिछले 30 वर्षों से तालाब के किनारों पर झुग्गी-झोपड़ियां बनाकर रहने को मजबूर हैं। हर साल बारिश के मौसम में बाणसागर तालाब का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ का पानी इनके आशियानों को उजाड़ देता है। जान-माल के लगातार होते नुकसान और प्रशासन की बेरुखी से तंग आकर अब इन परिवारों ने एकजुट होकर अपने अस्तित्व की लड़ाई शुरू की है। जीवन बचाने के लिए इन विस्थापित परिवारों ने विजयराघवगढ़ तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत चोरी के ग्राम चौरा, कनेरा (जमीन संख्या 338) और ग्राम पंचायत पिपरा की मध्य प्रदेश शासकीय भूमि पर शरण ली है। ग्रामीण वर्तमान में अपने परिवारों के साथ यहीं गुजर-बसर कर रहे हैं। हालांकि, तकनीकी और कानूनी रूप से इसे अतिक्रमण माना जा रहा है, जिसके कारण प्रशासन द्वारा इन्हें बेदखल किए जाने का डर लगातार सता रहा है। ग्रामीण जुर्माना और कानूनी पेशी भुगतने को भी तैयार हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि हम कानून का उल्लंघन नहीं करना चाहते। शासन-प्रशासन चाहे तो हम पर कानूनी तौर से जुर्माना लगाए या कोर्ट की पेशी तय करे, हम हर कानूनी प्रक्रिया और जुर्माना भरने को तैयार हैं लेकिन हमसे हमारा यह आखिरी सहारा न छीना जाए। विस्थापितो शासन के सामने मांग रखी है कि ग्राम चौरा, कनेरा और पिपरा की इस शासकीय भूमि को तत्काल 'आबादी की जमीन' घोषित किया जाए, मुख्यमंत्री आवास भू-अधिकार योजना के तहत सभी विस्थापित परिवारों को भूमि के पट्टे दिए जाएं, इस क्षेत्र में तुरंत बिजली, पानी की व्यवस्था की जाए और 'प्रधानमंत्री आवास योजना' के तहत पक्के मकान स्वीकृत किए जाएं, प्रशासन एक विशेष टीम गठित कर विस्थापित परिवारों की स्थिति का सर्वे करे, ताकि यह प्रमाणित हो सके कि इन परिवारों के पास गुजर-बसर के लिए कोई अन्य भूमि नहीं है।

## गंगा दशहरा पर निकली भव्य कलश यात्रा, जल संरक्षण का दिया संदेश



**शहडोल।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर संभागीय मुख्यालय के समीप स्थित आनंद ग्राम पंचायत पड़मनिया खुर्द में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के तत्वावधान में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन का संदेश देते हुए ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत बडक्रा तालाब घाट पर स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान से हुई। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने तालाब परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया। इसके पश्चात विधिवत जल स्त्रोत पूजन किया गया तथा गाजे-बाजे और धार्मिक उत्साह के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर श्री ठाकुर बाबा मंदिर पहुंची, जहां जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

कायक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अमरकंटक विकास प्राधिकरण मध्यप्रदेश शासन के अध्यक्ष राजेंद्र भारती उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संभागीय समन्वयक भीम सिंह डामोर ने की। वहीं विशिष्ट अतिथियों में सरपंच श्रीमती कमलेशिया बैगा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र मिश्रा, विकासखंड समन्वयक श्रीमती प्रिया सिंह, श्रीमती अपर्णा श्रीवास्तव एवं श्रीमती रानी महोबिया शामिल रहीं।

इस अवसर पर आयोजित जल संरक्षण में जल चौपाल कार्यक्रम में वक्ताओं ने जल संकट की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि राजेंद्र भारती ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है। आने वाली पीढियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल स्त्रोतों का संरक्षण एवं संवर्धन अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता जरूरी है।कार्यक्रम का संचालन उपसरपंच अनिल साहू ने किया। आयोजन को सफल बनाने में वाल्मीक प्रसाद साहू, सनत त्रिपाठी, राहुल द्विवेदी, अमितेश गुप्ता, अंकित नापित, धनीराम चौरसिया, डीपी खैरवार, रामभजन गुप्ता, शशिकांत द्विवेदी, श्रीमती किरण साहू, श्रीमती ममता साहू, श्रीमती रेखा यादव सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

## संयुक्त टीम ने रीठी क्षेत्र के गांवों का किया भ्रमण टीकाकरण और स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जमीनी स्तर पर सेवाओं के क्रियान्वयन की सघन निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास प्रतिभा पांडे के नेतृत्व में टीम ने विकासखंड रीठी के ग्राम घनिया, मुहास तथा खमरिया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी का भ्रमण किया गया।

निरीक्षण के दौरान ग्राम पोषण एवं स्वास्थ्य दिवस के आयोजन का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीयन, टीकाकरण, हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता एवं कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पात्र हितग्राहियों के पंजीयन की प्रगति भी जांची गई। निरीक्षण के दौरान ग्राम मुहास की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) अनुपस्थित पाई गईं। साथ ही 0 से 5 वर्ष के बच्चो की एवं गर्भवती माताओ की डयू लिस्ट नहीं पाई गई और 1 बजे तक सेशन नहीं लगाया गया। जिस पर सीएमएचओ डॉ राज सिंह द्वारा दोबारा सेशन लगाकर सेवाएं देने के निर्देश दिए गए।

## जमीन पर अतिक्रमण कर मकान बनाने तो किसी ने पेंशन नहीं मिलने की शिकायत

**जन सुनवाई में पहुंचे 167 आवेदकों ने अधिकारियों को बताई अपनी समस्याएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्ट्रेट में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष तिवारी ने यहां पहुंचे 167 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम चरगवां निवासी अजय सेन ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके पिता धानू सेन के नाम दर्ज खसरा नंबर 17 (रकबा 0.15 हेक्टेयर) की भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर मकान बना लिया है। साथ ही शेष भूमि पर बिना मुआवज़े के सीसी रोड का निर्माण कर दिया गया है। जिस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने तहसीलदार स्लीमनाबाद और भू-अभिलेख शाखा को प्रकरण का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

इसी तरह ग्राम कटनी निवासी अभिषेक कुमार दुबे ने शिक्षा विभाग में अनुकंपा नियुक्ति की मांग रखी। उन्होंने बताया कि उनके पिता पीएमश्री स्कूल बाकल में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत थे और सेवाकाल के दौरान उनका निधन हो गया था। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला शिक्षा अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए।

तेवरी निवासी दीपाली ने आधार कार्ड में जन्मतिथि सुधार के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि गलत जन्मतिथि के कारण उसकी पढ़ाई और अन्य दस्तावेजी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जिस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने ई-गवर्नेंस विभाग को तत्काल सुधार की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए।

वहीं ग्राम बड़खेरा की बुजुर्ग महिला धोखियाबाई ने वृद्धावस्था पेंशन फिर से शुरू करवाने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि मुझे विगत 8 माह से वृद्धा पेंशन नहीं मिल रही है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने जनपद पंचायत रीठी के सीईओ को पात्रता अनुसार लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## सतपुड़ा इंडेन गैस एजेंसी (चचाई/बाणसागर) में भ्रष्टाचार का खेलः उपभोक्ता परेशान, कर्मचारी मस्त!

**ब्यौहारी।** बाणसागर क्षेत्र की सतपुड़ा इंडेन गैस एजेंसी इन दिनों अपनी सेवा के लिए नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं के साथ की जा रही धोखाधड़ी और सिलेंडरों की कालाबाजारी के लिए चर्चा में है। ताजा मामला उजागर करते हुए उपभोक्ता सुरेंद्र वैश चचाई की सतर्कता से उजागर हुआ है।

**कैसे हो रही है धोखाधड़ी ?**

एजेंसी द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से उपभोक्ताओं की बुकिंग को बिना सिलेंडर दिए ही कैंसिल किया जा रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि सिस्टम में कैंसिलेशन का कारण ₹Customer refused Refill₹ (ग्राहक ने लेने से मना किया) दर्ज किया जा रहा है, जबकि सच्चाई इसके उलट है। उपभोक्ता सिलेंडर के लिए दर-दर भटक रहे हैं और एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं।

**मुख्य बिंदुः**

फर्जी रिकॉर्डः बुकिंग नं. 2-005675202131 को बिना डिलीवरी के ही 'कैंसिल' कर दिया गया।

कालाबाजारी का शकः पात्र उपभोक्ताओं को मना करके आखिर वो सिलेंडर ऊंचे दामों पर किसे बेचे जा रहे हैं?

**प्रशासनिक चुनौतीः** उपभोक्ता ने अब सीएम हेल्पलाइन (शिकायत क्र. 38548776) और इंडियन ऑयल (1-1545242517681) पर आधिकारिक शिकायत दर्ज कर दी है।

**जनता से अपीलः**

यदि आपके साथ भी चचाई की इस गैस एजेंसी द्वारा ऐसा बर्ताव किया जा रहा है, तो चुप न बैठें। यह आपके हक की रसोई पर डकैती है। एक मीडिया सदस्य के नाते हम इस मुद्दे को अंतिम निर्णय तक उठाएंगे।

**शासन और प्रशासन से सवालः**

क्या जिला आपूर्ति विभाग और इंडियन ऑयल के अधिकारी ऐसी बेलगाम एजेंसियों पर कार्यवाही करेंगे? क्या आम जनता को समय पर पारदर्शी तरीके से गैस उपलब्ध होगी।

## मौन जुलूस निकालकर कर जैन मंदिर मेएस डी एम ब्योहारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा



**ब्योहारी।** जैन समुदाय व्दारा मौन जुलूस निकालकर कर जैन मंदिर मेएस डी एम ब्योहारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग जैन समुदाय के लोगो ने बताया कि जैन समुदाय के संत के रीवा आगमन पर एक मुस्लिम युवक ने टक्कर मार दिया जिससे जैन संत की मौत हो गई जिसपर ब्योहारी नगर के जैन समुदाय में भारी आक्रोश व्याप्त है और जैन समुदाय के बच्चे बूढ़े महिलाओं ने बड़ी संख्या मौन जुलूस में शामिल होकर विरोध प्रदर्शन किया और देश के प्रधान मंत्री एवं मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें प्रमुख मांग रीवा में हुई घटना हिट आफ रन केस दर्ज किया जाय, तथा जैन संतों के लिए अलग से फुटपाथ की व्यवस्था की जाय जिससे भविष्य में इस तरह घटना की पुनरावृत्ति न हो।

**खबर संक्षेप**

## राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रसाद ने श्री कल्याण सेवा आश्रम में की संतों से चर्चा

**अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित श्री कल्याण सेवा आश्रम में एक महत्वपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण मुलाकात का आयोजन हुआ, जिसमें राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रसाद ने आश्रम के प्रबंध न्यासी स्वामी हिमाद्री मुनि जी महाराज से भेंट कर क्षेत्र के विकास, धार्मिक पर्यटन और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान अमरकंटक की आध्यात्मिक पहचान को और सुदृढ़ करने, धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा क्षेत्रीय विकास की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। चर्चा में यह भी रेखांकित किया गया कि अमरकंटक केवल एक तीर्थस्थल ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है। इस अवसर पर उपस्थित संतजनों ने भी अपने विचार साझा करते हुए अमरकंटक के संतुलित एवं दीर्घकालिक विकास के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में स्वामी हरस्वरूप जी महाराज एवं स्वामी धर्मानंद जी महाराज भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। संतों ने सामाजिक समरसता, सेवा कार्यों और धार्मिक मूल्यों के संरक्षण को समय की आवश्यकता बताते हुए सकारात्मक संवाद को उपयोगी बताया। इस अवसर का वातावरण आध्यात्मिक गरिमा, सौहार्द और जनकल्याण के संकल्प से ओतप्रोत दिखाई दिया।

## ग्राम सिवनी संगम में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन कल

**अनूपपर।** तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम सिवनीसंगम में 29 मई को जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के समुचित क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पुष्पराजगढ़ को नोडल अधिकारी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ को शिविर के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिविर में जन समस्या रजिस्टरध आवेदन रजिस्टर संधारित करते हुए प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने संबंधित क्षेत्र के ग्रामीणों से जन समस्या निवारण शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## बीमित श्रमिकों के बच्चों के लिए नीट प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**अनूपपर।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए देश भर के 20 ईएसआईसी मेडिकल कॉलेजों में स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। इस वर्ष, ईएसआईसी बीमित श्रमिकों के पात्र बच्चों के लिए कुल 700 सीटें आरक्षित की गई हैं। यह आरक्षण नीट-यूजी के माध्यम से प्रवेश पाने वाले योग्य उम्मीदवारों के लिए है। 20 ईएसआईसी मेडिकल कॉलेजों में कुल 700 सीटें आरक्षित की गई हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मई 2026 निर्धारित है। इस संबंध में श्रम पदाधिकारी श्री अनुव्रत देव द्विवेदी ने क्षेत्र के सभी बीमित श्रमिकों से आग्रह किया है कि वे इस अवसर का लाभ उठाने के लिए समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर लें। आवेदन से संबंधित विस्तृत जानकारी, पात्रता शर्तें और दिशा-निर्देश ईएसआईसी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इच्छुक उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए ईएसआईसी की वेबसाइट (.मेपब.हवअ.पद) पर लॉग इन कर सकते हैं अथवा अपने निकटतम शाखा कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय या उप-क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### कटघरे में जिम्मेदार अधिकारी, टीआई को निलंबन कर मृतकों को दिलाए न्याय नहीं तो होगा उग्र आंदोलन

# बिजुरी में बढ़ते अपराध से साबित हो रही पुलिस की निष्क्रियता

**हरिभूमि न्यूज अनूपपर।** जिले के बिजुरी थाना में पदस्थ टीआई अपने निजी विकास के साथ सरकार के नुमाइंदों के हित में रेस लगाते रह गए और दिन प्रतिदिन थाना क्षेत्र में अपराध बढ़ता गया आए दिन घटनाएँ घटती गई शिकायत आवेदन लेते रहे जांच विवेचना कमाई का जरिया बना रहा, लोगों का हौसला बढ़ता गया, अपराध बढ़ते गए टीआई वर्तमान की चाहत पूरा करने में जुटे थे, परिणाम यह हुआ कि देखते ही देखते यहां जो छोटे छोटे अपराधों को दबाया गया आज अपराध का गढ़ बन गया। और लोग भय के माहौल में जिंदगी जीने को मजबूर होने लगे पूरे मामले में जिले के बिजुरी थाना जहां के मूल निवासी हैं मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री उनके गृह क्षेत्र, मोहल्ले में हृदय विदारक घटना घटती है जिसमें नाबालिग बेटी की मौत हो रही, ठीक दूसरे दिन फरियादी चश्मदीद गवाह को भी मौत के घाट उतारा जा रहा जिसमें वहां पदस्थ टीआई पर कार्यवाही नहीं हो रही है। और दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के कुछ कद्दावर नेताओं के द्वारा जांच कर कड़ी कार्यवाही कराए जाने की मांग को लेकर एसपी को ज्ञापन सौंपा जा रहा। आपको बता दें कि बिजुरी में एक नाबालिग को औरत बताकर उसके साथ दुराचार और हत्या की घटना को संदिग्ध बनाने वाले बिजुरी नगर निरीक्षक की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले में शुरू से ही पुलिस की भूमिका को लेकर जनता





में आक्रोश देखा जा रहा है। नाबालिग की नृशंस हत्या और सामूहिक बलात्कार जैसे गंभीर आरोपों के बीच जिस प्रकार से मामले को भटकाने की कोशिश की गई, उससे पुलिस की निष्पक्षता पर सवाल क बाद भी सवाल उठने लगे हैं। अब तो लोगों ने खुलकर मांग की है कि नगर निरीक्षक को तत्काल निलंबित कर उच्चस्तरीय टीम से निष्पक्ष जांच कराई जाए। लेकिन संभव प्रतीत नहीं हो रहा इसलिए की जब सैंया भय कोतवाल तो भय काहे का जब टीआई स्वयं मंत्री का सेवक है तो फिर आम जन को न्याय कहां लोगों का कहना है कि




टीआई इस पूरे मामले ने अनूपपुर जिले के पुलिस की छवि को धूमिल करने का काम किया है। मामला तब और अधिक सनसनीखेज हो गया जब शनिवार अल सुबह हत्या कांड के मुख्य शिकायतकर्ता एवं प्रत्यक्षदर्शी गवाह की लाश रेलवे ट्रैक पर मिली। इस घटना के बाद लोगों में भारी आक्रोश फैल गया और बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर बिजुरी पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। वहीं भाजपा के कुछ नेता निष्पक्ष कार्रवाई और दोषियों पर कठोर कदम उठाने की मांग को लेकर कर ज्ञापन दे रहे या दिखावा कर रहे हैं।

## उत्तराखंड के अल्मोड़ा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बाबा कल्याण दास जी से की सौजन्य भेंट, प्राप्त किया संतों का आशीर्वाद



**हरिभूमि न्यूजअमरकंटक।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने उत्तराखंड प्रवास के दौरान अल्मोड़ा क्षेत्र स्थित पावन संत परंपरा के प्रतिष्ठित संत बाबा कल्याण दास जी से सौजन्य भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। यह मुलाकात आध्यात्मिक संवाद, सामाजिक समरसता और भारतीय सनातन परंपराओं के संरक्षण के भाव से सम्पन्न हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा कल्याण दास जी से विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं समाजहित से जुड़े विषयों पर आत्मीय चर्चा की। इस दौरान उन्होंने संत परंपरा के मार्गदर्शन को राष्ट्र एवं समाज निर्माण की महत्वपूर्ण शक्ति बताते हुए कहा कि संत समाज सदैव जनकल्याण, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र रहा है। भेंट के अवसर पर बाबा कल्याण दास जी ने मुख्यमंत्री को आशीर्वाद देते हुए जनसेवा, लोककल्याण और धर्म आधारित सामाजिक मूल्यों के संरक्षण के लिए शुभकामनाएं प्रदान कीं। मुख्यमंत्री ने संतों के सान्निध्य को अपने लिए सौभाग्य बताते हुए उनके विचारों और मार्गदर्शन को प्रेरणास्त्रोत बताया। इस अवसर पर स्वामी जगदीश आनंद जी महाराज सहित अन्य संत-महात्मा भी उपस्थित रहे। सभी संतों ने राष्ट्र की उन्नति, समाज में सद्भाव और जनकल्याण की भावना को आगे बढ़ाने पर बल दिया। आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न इस भेंट कार्यक्रम ने उपस्थित श्रद्धालुओं और अनुयायियों के बीच विशेष उत्साह और श्रद्धा का वातावरण निर्मित किया। मुख्यमंत्री ने संतों से आशीर्वाद प्राप्त कर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और समग्र विकास की कामना की। यह भेंट आध्यात्मिक चेतना और जनसेवा के समन्वय का एक महत्वपूर्ण उदाहरण बनकर सामने आई।

## तपते नौतपा में भी नहीं डिगी श्रद्धा, पारा 39 पर, कमला एकादशी पर अमरकंटक में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**हरिभूमि न्यूजअमरकंटक।** अधिमास ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की पावन कमला एकादशी एवं हस्त नक्षत्र के शुभ अवसर पर धार्मिक एवं आध्यात्मिक नगरी अमरकंटक में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। नौतपा की तीव्र गर्मी और तेज धूप के बावजूद हजारों श्रद्धालु मां नर्मदा के दर्शन, पूजन एवं पुण्य स्नान के लिए पहुंचे और पूरे तीर्थ क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से भर दिया। प्रातःकाल से ही मां नर्मदा उद्गम क्षेत्र, कोटि तीर्थ घाट एवं रामघाट में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी प्रारंभ हो गई थीं। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं विधि-विधान के साथ मां नर्मदा में स्नान कर धर्म लाभ अर्जित किया तथा इसके पश्चात उद्गम मंदिर पहुंचकर पूजन-अर्चन किया। भक्तों ने परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, शांति और दीर्घायु की कामना करते हुए मां नर्मदा से आशीर्वाद प्राप्त किया। नौतपा के तीसरे दिन क्षेत्र में लगभग 38 से 39 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज होने से दिनभर गर्म हवाएं और तेज धूप बनी रही, लेकिन मौसम की तपिश श्रद्धालुओं की आस्था को प्रभावित नहीं कर सकी। बड़ी संख्या में तीर्थयात्री, पर्यटक एवं दर्शनार्थी दिनभर स्नान, दर्शन एवं दान-पुण्य के लिए पहुंचते रहे। मां नर्मदा के जयकारों, मंदिरों की घंटियों और धार्मिक अनुष्ठानों से संपूर्ण अमरकंटक क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत दिखाई दिया। श्रद्धालुओं के चेहरे पर भक्ति, विश्वास और उत्साह स्पष्ट रूप से झलक रहा था। इस अवसर पर पुरुषोत्तम मास के महत्व पर प्रकाश





डालते हुए ज्योतिषाचार्य पंडित संदीप ज्योतिषी ने बताया कि अधिक मास भगवान विष्णु के पुरुषोत्तम स्वरूप को समर्पित माना गया है तथा यह काल जप, तप, व्रत, स्वाध्याय एवं दान के लिए विशेष फलदायी होता है। उन्होंने कहा कि इस मास में किया गया दान केवल धार्मिक कर्म नहीं बल्कि आत्मिक शुद्धि, करुणा और समाज सेवा का भी माध्यम है। उन्होंने बताया कि अन्नदान, जलदान, वस्त्रदान, गौसेवा, शिक्षा सहयोग तथा जरूरतमंदों की सहायता को विशेष पुण्यकारी माना गया है। वर्तमान समय में सेवा, परोपकार और लोकमंगल की भावना को जीवन में अपनाना ही पुरुषोत्तम मास का वास्तविक संदेश है। अधिमास कमला एकादशी के इस पावन अवसर पर अमरकंटक में एक बार फिर यह दृश्य देखने को मिला कि जब आस्था प्रबल होती है तो मौसम की कठोरता भी श्रद्धा के सामने फीकी पड़ जाती है।

# वेंकटनगर पुलिस द्वारा अवैध शराब परिवहन करने वाले आरोपी के विरूध्द की गई कार्यवाही



### 22 लीटर अंग्रेजी शराब व मोटर साइकिल किया गया जप्त

**हरिभूमि न्यूज, अनूपपर।** पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब द्वारा अवैध गतिविधियो में लिप्त माफिया के विरूद्ध लगातार चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम, एसडीओपी नवीन तिवारी के निर्देशन एवं थाना प्रभारी जैतहरी निरीक्षक अमर वर्मा के नेतृत्व में की गई कार्यवाही। दिनांक 26 05 2026 को कस्बा भ्रमण के दौरान ग्राम कदमसरा में मुखविर द्वारा सूचना दी गई की एक व्यक्ति आई-स्मार्ट स्पलेण्डर मोटर सायकल से बोरी में भरकर अंग्रैजी शराब अनूपपुर तरफ से छ.ग. की ओर ले जा रहा है उक्त सूचना पर ग्राम कदमसरा आम रोड पर हमराही स्टाफ के साथ रूककर आने जाने बाले वाहनो की चेकिंग की गई जो कुछ देर बाद एक व्यक्ति आई-स्मार्ट स्पलेण्डर मोटर सायकल से अनूपपुर तरफ से आता दिखा जिसे रोका गया नाम पता पूछां गया तो अपना नाम इतवार सिंह पिता बान सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बेतलो थाना पसान जिला कोरबा (छ.ग.) का होना बताया उक्त व्यक्ति अपने कंधो में सामने तरफ एक ग्रे रंग का बेग लटकाया हुआ था एवं मोटर सायकल पिछली सीट पर एक सफेद रंग की बोरी बांधा हुआ था जो गवाहो के समक्ष बेग एवं बोरी को खोलकर चेक किया गया तो बोरी एवं बेग के अंदर अंग्रैजी शराब गोवा विस्की के क्वाटर रखे हुये मिले उक्त शराब रखने एवं बेंचने का कोई कागजात अनुज्ञप्ति नही होना बताया शराब को बोरी से निकालकर पृथक पृथक गिनती किया गया तो एक सफेद रंग के प्लास्टिक की बोरी जिसमें सामने रोयल किंग लिखा हुआ था बोरी में भरी 104 नग शीशी अंग्रैजी शराब गोवा प्रत्येक 180 उस सील बंद प्रत्येक कीमती 135 रूपये की दर से 14040 रूपये की मात्रा 18.72 लीटर एवं एक ग्रे रंग का बेग जिसमें भरी 22 नग शीशी अंग्रैजी शराब गोवा प्रत्येक 180 सील बंद प्रत्येक कीमती 135 रूपये की दर से 2970 रूपये की मात्रा 3.96 लीटर शराब कुल मात्रा 22.68 लीटर कुल कीमती 17010 रूपये होना पाया गया जो मौके पर उक्त शराब एवं एक अदद हीरो कंपनी की स्पलेण्डर आई-स्मार्ट मोटर सायकल कीमती करीब 50000 रूपये की समक्ष उपरोक्त गवाहन समय 22.16 बजे जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया आरोपी इतवार सिंह का कृत्य धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में चैकी प्रभारी वेंकटनगर उप निरीक्षक प्रवीण कुमार साहू, सउनि. सुरेश कुमार अहिरवार एवं आर.288 विजय टाटू , आर.281 सोनू पर्ते की सराहनीय भूमिका रही है।

## शांति समिति की बैठक में दिए गए विशेष निर्देश

### आपसी सौहार्द और भाईचारे से मनाई जाएगी ईद



**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार को थाना रामनगर में आगामी ईद उल अजहा (बकरीद) पर्व को लेकर शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए जाने को लेकर थाना रामनगर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, पत्रकार एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुमित कौशिक थाना प्रभारी रामनगर ने की। शासन की ओर से प्रशासनिक अधिकारी में लखन लाल पनिका मुख्य नगर पालिका अधिकारी बनगवां (राजनगर) एवं मनोहर बिझवार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डूमरकछार उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अधिकारियों ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि ईद उल अजहा का पर आपसी भाईचारे प्रेम और सामाजिक सौभाग्य के साथ मनाया जाए। प्रशासन द्वारा शासन के दिशा निर्देशों का पालन करने पर विशेष जोर दिया जाए। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट कहा की क्षेत्र में कुर्बानी केवल शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार ही की जाए तथा प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए की कुर्बानी की प्रक्रिया खुले स्थानों के बजाये बंद कमरों अथवा निर्धारित स्थानों पर ही संपन्न की जाए। जिससे किसी प्रकार की असुविधा या विवाद की स्थिति उत्पन्न ना हो। बैठक में नगर की व्यवस्थाओं को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने ईदगाह और नमाज स्थलों पर साफ सफाई, पेयजल व्यवस्था, तथा विद्युत आपूर्ति की सुचारू बनाए रखने के निर्देश संबंधित विभागों के लिए। शांति समिति की बैठक में सामाजिकता और सद्भाव बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। अधिकारियों ने कहा, कि सभी समुदाय के सहयोग से ही नगर शांति और भाईचारा कायम रह सकता है। सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों से बचने और किसी भी प्रकार के अफवाह फैलाने वालों की सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की। इस दौरान उपस्थित जनों में मनोज चंदेल पार्षद, पंकज शर्मा भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी, संगीता माली अध्यक्ष महिला मोर्चा, स्वरूप सिंह सरपंच फुलकोना, इमरान खान, मुमताज खान, मो.सलीम, अनुराग तिवारी, राजनगर मस्जिद के सदर, शंकर सिंह मार्को, जितेंद्र पनिका, तथा स्थानीय पत्रकारगण, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## किसानों को दी गई विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं व ई-विकास पोर्टल की जानकारी

### ग्राम पंचायत पयारी नं. 2 और सोहीबेलहा में कृषि रथ यात्रा का हुआ आयोजन




**अनूपपर।** कृषि को उन्नत और लाभप्रद बनाने के उद्देश्य से जिले में संचालित "कृषि कल्याण वर्ष-2026" के अंतर्गत जिले की ग्राम पंचायत पयारी नं. 02 और ग्राम पंचायत सोहीबेलहा सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में कृषि रथ यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय कृषकों और ग्रामीणों को कृषि क्षेत्र की आधुनिक तकनीकों और विभागीय योजनाओं से अवगत कराया गया। यात्रा के दौरान उपस्थित कृषि विशेषज्ञों और मैदानी अमले द्वारा ग्रामीणों को डिजिटल सुशासन के अंतर्गत "ई-विकास पोर्टल" के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। किसानों को बताया गया कि इस पोर्टल के माध्यम से वे कृषि विभाग की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं, अनुदान (सब्सिडी) और पंचायत स्तर पर संचालित विकास कार्यों की पारदर्शी ट्रैकिंग घर बैठे कर सकते हैं। पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन की सरल प्रक्रिया को समझाते हुए ग्रामीणों को डिजिटल माध्यमों का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को मिट्टी परीक्षण की उपयोगिता, जैविक खेती को बढ़ावा देने, उन्नत बीजों के चयन तथा ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति अपनाने की तकनीकी बारीकियों से भी अवगत कराया गया।